## प्रारंभिक संबोधन

सत्र – 211

03 दिसम्बर, 2025

**माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,**

**माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,**

**माननीय उप सभापति,**

**माननीय मंत्रीगण,**

**बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,**

**प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !**

आज से बिहार विधान परिषद् का 211वां सत्र आरंभ हो रहा है। इस अवसर पर मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, माननीय उप सभापति, मंत्रिपरिषद् के माननीय सदस्यगण तथा विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। साथ ही, लोकतंत्र के सजग प्रहरी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूं।

विगत दिनों संपन्न हुए बिहार विधान सभा चुनाव में राज्य की जनता ने अपने मताधिकार का शालीनता एवं सजगता से सदुपयोग किया है। उसने एक बार फिर लोकतांत्रिक व्यवस्था को विजयी बनाया है। इस विधान सभा चुनाव में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ। यह आंकड़ा 1951 ई. के बाद हुए सभी चुनावों से अधिक है। इस बार एक मतदान केन्द्र पर भी दोबारा चुनाव कराने की आवश्यकता नहीं पड़ी। बिहार ने पूरी दुनिया के समक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता का उदाहरण पेश किया है। बिहार के प्रबुद्ध, जागरूक और संवेदनशील मतदाताओं के साथ चुनावी प्रक्रिया में शामिल सभी लोग इस हेतु धन्यवाद के पात्र हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों में जनता की आस्था और विश्वास जागृत करने हेतु मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमारजी के प्रति आभार प्रकट करता हूं एवं बधाई देता हूं।

**अवधेश नारायण सिंह**
**सभापति**
**बिहार विधान परिषद्**

इस विधान सभा चुनाव में जनता द्वारा दिए गए जनादेश का हम सभी सम्मान करते हैं। प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ है और माननीय श्री नीतीश कुमार जी दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हुए हैं। इस अवसर पर मैं माननीय श्री नीतीश कुमारजी एवं उनके मंत्रिमंडल के सभी माननीय सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूं।

इस जनादेश द्वारा मतदाताओं ने जहां एक ओर सरकार की कार्य प्रणाली पर अपना विश्वास प्रकट किया है, वहीं दूसरी ओर इस सरकार से प्रदेश के चहुंमुखी विकास की आकांक्षा भी बढ़ी है। हमें पूरा विश्वास है कि वर्तमान सरकार के सभी उत्तरदायी प्रतिनिधिगण जनता की समस्याओं के समाधान की राह तलाशते रहेंगे। हम यह भी आशा करते हैं कि हमारे राज्य के लोकप्रिय एवं अनुभवी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर मजबूती के साथ अपना कदम बढ़ाता रहेगा।

इस सत्र में भी माननीय सदस्यगण, परिषद् सचिवालय के पदाधिकारी-कर्मचारी गण तथा मीडिया के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर आप सभी का स्वागत करता हूं।

धन्यवाद।

**अवधेश नारायण सिंह**
**03 दिसम्बर, 2025**
**बिहार विधान परिषद्**